Email/Speed Post/By Hand

**शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड।**
**31/62, राजपुर रोड, देहरादून।**
संख्या :२११५/विविध–599/(प्रतिनियुक्ति)/2011,
दिनांक:२१ सितम्बर, 2026

## सार्वजनिक सूचना

शासन के पत्र संख्या–424001/IV/(1)/2025/02 (04)/2022, दिनांक 17–08–2026 में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में पालिका केन्द्रीयित अभियन्त्रण सेवा के अन्तर्गत रिक्त पदों को शासकीय कार्यहित में नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने अथवा 03 वर्ष जो भी पहले हो, की अवधि तक निम्न पदो का प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में निर्धारित/अनुमोदित अर्हताधारी ऐसे केन्द्र सरकार/राजकीय विभागों/निगम/सार्वजनिक उपक्रम में नियमित रूप से नियुक्त इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन पत्र बायोडाटा सहित आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों हेतु अनिवार्य शैक्षिक योग्यता/अर्हता का विवरण विभागीय वेबसाईट www.udd.uk.gov.in/कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | पदनाम | वेतन बैण्ड/ग्रेड वेतन | प्रतिनियुक्ति पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता | 15600–39100/6600 | 05 |
| 2 | सहायक अभियन्ता(इलेक्ट्रिकल) | 15600–39100/5400 | 01 |
| 3 | अवर अभियन्ता (सिविल) | 9300-34800/4600 | 06 |
| 4 | अवर अभियन्ता (मैकेनिकल) | 9300–34800/4600 | 02 |
| 5 | अवर अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) | 9300–34800/4600 | 11 |
| | | योग | 25 |

2– उक्तानुसार केन्द्र सरकार/राजकीय विभाग/निगम/सार्वजनिक उपक्रम में नियमित/स्थायी रूप से नियुक्त/इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपने आवेदन पत्र नियुक्ति के सेवा विवरण (पूर्ण बायोडाटा सहित) तथा नियुक्ति प्राधिकारी/सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से दिनांक 05 अक्टूबर 2026 सांय 5 बजे तक पंजीकृत पत्र के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित कर सकते हैं।

3– चयनित अभ्यर्थियों द्वारा विभाग में प्रतिनियुक्ति प्राप्त करने से पूर्व मूल विभाग की सक्षम स्तर से विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्थानीय निकायों में कार्यरत कार्मिकों के आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।

ह0/–
निदेशक,
शहरी विकास निदेशालय।

**सख्या एव दिनाक तदैव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के दिये गये निर्देशो के अनुपालन में।
2– सम्पादक, हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञाप्ति के विज्ञापन को शासकीय दरों पर दिनांक 22/9/26... को वर्ग सेन्टीमीटर में गढवाल / कुमांऊ संस्करण में प्रकाशित कराते हुए सत्यापित बिल एवं समाचार पत्र की प्रति निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3– समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
4– श्री सुशील, एम०आई०एस० विशेषज्ञ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना तत्काल प्राथमिकता के आधार पर विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5– नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6– गार्ड फाईल।

(प्रवीण कुमार)
अपर निदेशक।

## तालिका

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन | शैक्षिक योग्यता / अर्हता का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता | 15600–39100 / 6600 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / बी0टेक या बी0ई0 किया हो अथवा जिसने इन्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) से सिविल में सेक्शन 'ए' और 'बी' में एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।<br>2–केन्द्र / राजकीय विभाग / निगम / सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 6600/– में कार्यरत् नियमित / स्थायी अधिशासी अभियन्ता (सिविल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच / सर्तकता जांच आदि लम्बित / प्रचलित न हो। |
| 2 | सहायक अभियन्ता (सिविल) | 15600–39100 / 5400 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / बी0टेक या बी0ई0 किया हो अथवा जिसने इन्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) से सिविल में सेक्शन 'ए' और 'बी' में एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।<br>2–केन्द्र / राजकीय विभाग / निगम / सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 5400/– में कार्यरत् नियमित / स्थायी सहायक अभियन्ता (सिविल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच / सर्तकता जांच आदि लम्बित / प्रचलित न हो। |
| 3 | सहायक अभियन्ता (मैकेनिकल) | 15600–39100 / 5400 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / बी0टेक या बी0ई0 किया हो अथवा जिसने इन्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) से सिविल में सेक्शन 'ए' और 'बी' में एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।<br>2–केन्द्र / राजकीय विभाग / निगम / सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ग्रेड वेतन रू0 5400/– में कार्यरत् नियमित /स्थायी सहायक अभियन्ता (मैकेनिकल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच/सर्तकता जांच आदि लम्बित/प्रचलित न हो। |
| 4 | सहायक अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल) | 15600–39100/5400 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा /बी0टेक या बी0ई0 किया हो अथवा जिसने इन्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) से इलैक्ट्रीकल में सेक्शन 'ए' और 'बी' में एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।<br>2–केन्द्र/राजकीय विभाग/निगम/ सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 5400/– में कार्यरत् नियमित /स्थायी सहायक अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच/सर्तकता जांच आदि लम्बित/प्रचलित न हो। |
| 5 | अवर अभियन्ता (सिविल) | 9300–34800/4600 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा /बी0टेक या बी0ई0 किया हो।<br>2–केन्द्र/राजकीय विभाग/निगम/ सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 4600/– में कार्यरत् नियमित/ स्थायी अवर अभियन्ता (सिविल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच/सर्तकता जांच आदि लम्बित/प्रचलित न हो। |
| 6 | अवर अभियन्ता (मैकेनिकल) | 9300–34800/4600 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा /बी0टेक या बी0ई0 किया हो।<br>2–केन्द्र/राजकीय विभाग/निगम/ सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 4600/– में कार्यरत् नियमित/ स्थायी अवर अभियन्ता (मैकेनिकल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच/सर्तकता जांच आदि लम्बित/प्रचलित न हो। |
| 7 | अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल) | 9300–34800/4600 | 1–केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा /बी0टेक या बी0ई0 किया हो।<br>2–केन्द्र/राजकीय विभाग/निगम/ सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत् उक्त शैक्षिक योग्यता धारी ग्रेड वेतन रू0 4600/– में कार्यरत् नियमित/ स्थायी अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल), जिन्हें अभियन्त्रण पद पर कार्य करने का अनुभव हो तथा विभाग में 03 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।<br>3–कोई विभागीय अनुशासनिक जांच/सर्तकता जांच आदि लम्बित/प्रचलित न हो। |

अपर निदेशक
शहरी विकास निदेशालय
देहरादून